BYJU'S EXAM PREP

Daily Current Affairs
24 May 2022

Table of Content

1. टोक्यो में आयोजित व्यापार गोलमेज सम्मेलन
2. भारत द्वारा हस्ताक्षरित निवेश प्रोत्साहन समझौता
3. "नवीकरणीय के माध्यम से हरित भारत" पर कार्यशाला का आयोजन
4. हज 2022 प्रतिनियुक्तियों के लिए दो दिवसीय अनुकूलन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन
5. नेवी फाउंडेशन की 29वीं शासी परिषद बैठक
6. संगीत कलानिधि पुरस्कार 2022
7. दिल्ली के नए उपराज्यपाल की नियुक्ति
8. राष्ट्रमंडल दिवस 2022

Important News: World

1. टोक्यो में आयोजित व्यापार गोलमेज सम्मेलन

चर्चा में क्यों:

- भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 मई, 2022 को टोक्यो में आयोजित व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की।

प्रमुख बिंदु:

- इस कार्यक्रम में 34 जापानी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों और सीईओ ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश का भारत में निवेश और संचालन है।
- कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री ने 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के तहत भारत में व्यापार के लिए किए जा रहे उपायों पर प्रकाश डाला।
- कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री ने राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और सेमीकंडक्टर नीति जैसी पहलों के साथ भारत के मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला।
- भारत को वित्त वर्ष 2020-2021 में 84 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड एफडीआई मिला है जो भारत की आर्थिक क्षमता में विश्वास को दर्शाता है।

स्रोत: पीआईबी

2. भारत द्वारा हस्ताक्षरित निवेश प्रोत्साहन समझौता

चर्चा में क्यों:

- भारत के विदेश सचिव और अमरीका के अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जापान के तोक्यों में निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए है।

प्रमुख बिंदु:

- निवेश प्रोत्साहन समझौते पर भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा और अमरीका के अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्कॉट नैथन द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
- निवेश प्रोत्साहन समझौते के आधार पर भारत का उद्देश्य भारत में विकास वित्त निगम के निवेश में वृद्धि करना है , जिससे देश के विकास में अधिक सहायता प्राप्त हो सके।

- जापान के तोक्यों में हस्ताक्षरित निवेश प्रोत्साहन समझौता दोनों देशों के मध्य हस्ताक्षरित 1997 के समझौते का स्थान लेगा जिसका लक्ष्य विकास वित्त निगम के अतिरिक्त निवेश सहायता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है।
- भारत में निगम और इससे संबंधित एजेंसियां वर्ष 1974 से सक्रिय हैं जिनके द्वारा अभी तक भारत को 5 अरब 80 करोड़ डॉलर की निवेश सहायता उपलब्ध करायी जा चुकी है।

स्रोत: पीआईबी

Important News: India

3. "नवीकरणीय के माध्यम से हरित भारत" पर कार्यशाला का आयोजन

चर्चा में क्यों:

- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) द्वारा महरत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर (एमसीसीएआई) के साथ मिलकर पुणे, महाराष्ट्र में "नवीकरणीय के माध्यम से हरित भारत" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- भारत द्वारा वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) द्वारा महाराष्ट्र को 422 आरई परियोजना खातों के लिए 14,445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी हैं।
- कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन के साथ-साथ कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है।
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के तकनीकी निदेशक, श्री चिंतन शाह द्वारा कार्यशाला की थीम प्रस्तुति की गई।
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड का लक्ष्य आरई विनिर्माण और भंडारण उत्पादन के लिए एक परितंत्र का निर्माण करना है जिसकी सहायता से घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके।

स्रोत: द हिंदू

4. हज 2022 प्रतिनियुक्तियों के लिए दो दिवसीय अनुकूलन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

चर्चा में क्यों:

- केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा नई दिल्ली में हज 2022 प्रतिनियुक्तियों के लिए दो दिवसीय अनुकूलन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य हज प्रतिनियुक्तों को हज यात्रा, मक्का और मदीना में आवास, परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाओं, सुरक्षा उपायों आदि के बारे में सभी जानकारी प्रदान करना है।
- हज 2022 के लिए, तीर्थयात्री 10 प्रस्थान बिंदुओं- अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोचीन, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और श्रीनगर से भारतीय हज समिति के माध्यम से हज यात्रा पर जाएंगे।
- भारतीय हज यात्रियों की सहायता के लिए सरकार द्वारा सऊदी अरब में कुल 357 हज समन्वयक, सहायक हज अधिकारी, हज सहायक, डॉक्टर और पैरामेडिक्स तैनात किए जाएंगे जो हज यात्रियों की सहायता करेंगे।
- भारतीय हज यात्रियों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मदीना में 03 शाखा औषधालय और एक अस्पताल स्थापित किया गया है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Important News: Defence

5. नेवी फाउंडेशन की 29वीं शासी परिषद बैठक

चर्चा में क्यों:

- नौसेनाध्यक्ष (सीएनएस) एडमिरल आर. हरि कुमार द्वारा नेवी फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में गोवा में आयोजित 22 मई 2022 को 29वीं शासी परिषद बैठक और वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की गयी।

प्रमुख बिंदु:

- नेवी फाउंडेशन, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत एक सेवानिवृत्त नौसैन्य अधिकारी संगठन है।
- नेवी फाउंडेशन के संरक्षकों के साथ-साथ 16 नेवी फाउंडेशन चैप्टर के अध्यक्षों/उपाध्यक्षों/सचिवों ने इस बैठक में भाग लिया जिनके द्वारा अपने-अपने चैप्टर के सेवानिवृत्त अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया गया।
- बैठक में नेवी फाउंडेशन शासी परिषद द्वारा भोपाल में नौसेना फाउंडेशन के 17वें चैप्टर को शामिल करने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- बैठक में नौसेनाध्यक्ष द्वारा एक वेब सक्षम सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन हैंडशेक पोर्टल को लॉन्च किया गया
- हैंडशेक पोर्टल का प्रमुख उद्देश्य सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ-साथ सेवानिवृत्त कर्मियों के बीच दोस्तों/पाठ्यक्रम के साथियों/बैचमेट्स के लिए बातचीत/उन्हें ढूंढने की सुविधा प्रदान करना है।

Important News: Awards

6. संगीत कलानिधि पुरस्कार 2022

चर्चा में क्यों:

- संगीत अकादमी ने 2020 से 2022 की अवधि के दौरान विभिन्न कलाकारों को संगीत कलानिधि और अन्य पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की, जिसका वितरण तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- नागस्वरम वादक किझवेलुर जी. गणेशन को 2020 के लिए संगीता कला आचार्य पुरस्कार, 2021 के लिए गायक और संगीतविद् रीथा राजन और संगीतविद् वैनिका आर.एस. जयलक्ष्मी 2020 के लिए पुरुस्कार प्रदान किया गया
- प्रसिद्ध गायक और गुरु थामरक्कड़ गोविंदन नंबूदरी, बहुमुखी तालवादक नेमानी सोमयाजुलु, और प्रसिद्ध कंजरा कलाकार ए वी आनंद क्रमशः 2020, 2021 और 2022 के लिए टी टी के पुरस्कार प्रदान किया गया।

- 2020 के लिए संगीतविद् पुरस्कार डॉ वी प्रेमलता को वर्ष 2020 के लिए प्रदान किया गया, नृत्य कलानिधि को भरतनाट्यम के प्रतिपादक राम वैद्यनाथन (2020) और नार्थकी नटराज (2021) को प्रदान किया गया।
- व्यापक रूप से सम्मानित अभिनय विशेषज्ञ और गुरु, ब्राघा बेसेल को 2022 में पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

संबंधित तथ्य

संगीता कलानिधि पुरस्कार क्या है?

- संगीता कलानिधि पुरस्कार को कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है, यह 1942 में अस्तित्व में आया।
- इससे पहले, संगीत अकादमी के वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता करने के लिए एक वरिष्ठ संगीतकार/विशेषज्ञ को आमंत्रित किया गया था।
- 1942 में, यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार आमंत्रित संगीतकार को संगीत कलानिधि की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा, एक पुरस्कार जिसमें एक स्वर्ण पदक और एक बिरुडु पत्र (उद्धरण) शामिल है।

स्रोत: द हिंदू

Important News: Appointment

7. दिल्ली के नए उपराज्यपाल की नियुक्ति

चर्चा में क्यों:

- विनय कुमार सक्सेना, जो वर्तमान में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, को दिल्ली के नए उपराज्यपाल (L-G) के रूप में नियुक्त किया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- विनय कुमार सक्सेना द्वारा जेके ग्रुप के साथ 11 वर्षों तक सहायक प्रबंधक के रूप में कार्य किया और बाद में गुजरात में प्रस्तावित बंदरगाह परियोजना की देखभाल के लिए महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत किया गया।
- विनय कुमार सक्सेना को दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किए जाने से पहले अक्टूबर 2015 में केवीआईसी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

- सात वर्षों में, विनय कुमार सक्सेना ने 'हनी मिशन', 'कुम्हार सशक्तिकरण योजना', 'चमड़े के कारीगरों का सशक्तिकरण', खादी नेचर पेंट्स, परियोजना जैसी योजनाओं और उत्पादों पर अपनी सेवा प्रदान की है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Important News: Days

8. राष्ट्रमंडल दिवस 2022

- राष्ट्रमंडल दिवस हर साल 24 मई को मनाया जाता है।
- इस वर्ष के राष्ट्रमंडल दिवस का विषय "एक सामान्य भविष्य प्रदान करना" है।
- राष्ट्रमंडल दिवस इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य (24 मई, 1819) में मनाया जाता है ।
- राष्ट्रमंडल दिवस मुख्य रूप से उन सभी देशों द्वारा मनाया जाता है जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश थे।
- राष्ट्रमंडल दिवस पूरी दुनिया में अलग-अलग तिथियों पर मनाया जाता है जैसे यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा इस दिन को मार्च के दूसरे सोमवार को मनाते हैं, दूसरी ओर, 24 मई को भारत और बेलीज जैसे देश राष्ट्रमंडल दिवस मनाते हैं।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर